आदेश – पत्रक

कार्यालय अंचल अधिकारी, डण्डा।

जिला–गढ़वा।
अनुमण्डल–गढ़वा।
अंचल–डण्डा।
वाद संख्या–01 वर्ष–2020–21
वाद का प्रकार राजस्व विविध वाद

आदेश की क्रम एवं तिथि	पदाधिकारी द्वारा पारित आदेश एवं हस्ताक्षर	अभियुक्त
20.07.20	आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता स्व0 रघुनाथ गुप्ता, ग्राम–डण्डा, पंचायत–डण्डा, अंचल–डण्डा, जिला–गढ़वा ने आवेदन पत्र दे कर भूमि विवाद ग्राम डण्डा के खाता सं0 178, प्लॉट सं0 1217, रकबा 0.10डी0 पर सोना कुवंर, पति स्व0 सरयु साव एवं अन्य द्वारा उनके रैयती जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। आवेदन पत्र की मूल प्रति एवं संलग्न दस्तावेज संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक, डण्डा को हस्तगत कराते हुए जाँच प्रतिवेदन की मांग करें। अभिलेख दिनांक 29.07.20 को उपस्थापित करें। 29/7/20 अंचल अधिकारी, डण्डा।	
29.07.20	अभिलेख उपस्थापित किया गया। राजस्व उप निरीक्षक, एवं अंचल निरीक्षक, डण्डा का जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ जाँच प्रतिवेदन का अवलोकन किया आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता स्व0 रघुनाथ गुप्ता, ग्राम–डण्डा, के खाता सं0 178 प्लॉट सं0 1217 एवं रक्बा 0.10एकड़ भूमि का विवाद ग्राम डण्डा निवासी श्रीमति सोना कुवंर, पति स्व0 सरयु साव, विरेन्द्र प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद, संजय प्रसाद, पिता स्व0 सरयु साव एवं धीरज प्रसाद, पिता विरेन्द्र प्रसाद के साथ चल रहा है। संबंधित विवाद का निपटारा ग्राम डण्डा के मुखिया एवं उपस्थित ग्रामीणों की मदद से दोनों पक्षों द्वारा कर लिया गया है। विवाद निपटारे से संबंधित दस्तावेज दोनो पक्षों, मुखिया एवं ग्रामीणों का हस्ताक्षरित प्रति अभिलेख के साथ संलग्न है, तथा आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा विविध वाद सं0 01 को वापस लेने संबंधित आवेदन दिया गया है। आवेदन पत्र अभिलेख के साथ संलग्न है। जिसके आलोक में वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लेखापित एवं संशोधित। 29/7/20 अंचल अधिकारी, डण्डा। 29/7/20 अंचल अधिकारी, डण्डा।	